हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 28 जून 2025

तापमान
अधिकतम 39.1 डिग्री
न्यूनतम 26.0डिग्री

11 बाबा मस्तनाथ विवि में दाखिले को लेकर छात्रों में काफी ...



12 माता परमेश्वरी देवी जी के निधन से समाज को ...



## खबर संक्षेप

### मदवि: 30 जून तक ऑनलाइन आवेदन करें

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डा. संजीव कादयान ने बताया कि एमलिब एंड इंफॉर्मेशन साइंस तथा सर्टिफिकेट कोर्स इन बुक पब्लिशिंग कोर्स में एडमिशन के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। एडमिशन के लिए इच्छुक विद्यार्थी 30 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध प्रॉस्पेक्ट्स से प्राप्त की जा सकती है।

### डॉ. दीपक डायरेक्टर हॉर्टिकल्चर मनोनीत

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने फार्मास्यूटिकल साइंसेज विभाग के प्रोफेसर डॉ. दीपक कौशिक को डायरेक्टर, हॉर्टिकल्चर मनोनीत किया है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि प्रो. दीपक कौशिक को डायरेक्टर, हॉर्टिकल्चर का दायित्व अतिरिक्त कार्यभार के तौर पर तुरंत प्रभाव से दिया है। प्रो. दीपक कौशिक ने इस कार्यभार के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह का आभार जताते हुए कहा कि यह पद उनके लिए एक जिम्मेदारी के साथ-साथ एक अवसर भी है, जिसमें वह विश्वविद्यालय की हरित नीति को क्रियान्वित करने तथा परिसर को अधिक सुंदर, स्वच्छ और हरा भरा बनाने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

### टूटी कसरेंटी माइनर, 8 एकड़ में भरा पानी

**रोहतक।** गांव किलोई में कसरेंटी माइनर टूटने से करीब आठ एकड़ में पानी भर गया। किसानों के मुताबिक वीरवार की रात माइनर में दरार आई। इससे किसानों ने पहले खुद ही पाटने का प्रयास किया। लेकिन जब बात काबू से बाहर हुई तो इसकी सूचना सिंचाई विभग का दी। बताया जा रहा है कि सिंचाई विभाग ने माइनर की पटरी को मिट्टी से भरा। बताया जा रहा है कि जिस जमीन में पानी भरा है, उसमें पिछले दिनों धान की रोपाई की गई थी। ज्यादा पानी भरने से फसल में नुकसान हो सकता है।

### युवक को अवैध शराब सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने युवक को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। लाखनमाजरा थाना प्रभारी समरजीत ने बताया कि गांव इंद्रगढ़ से युवक को अवैध शराब सहित काबू किया गया। युवक की पहचान प्रेमपाल निवासी इंद्रगढ के रुप में हुई। युवक के पास से 42 बोतल शराब अग्रेजी, 45 बोतल बीयर व 50 बोतल देसी जो कुल 137 बोतल शराब बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके कर गिरफ्तार किया गया है।

### कानून व्यवस्था के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**रोहतक।** जिलाधीश धर्मेंद्र सिंह ने गांव बहुअकबरपुर में प्लॉट संख्या 7411 एवं 7413 मौजा बहुअकबरपुर की निशानदेही के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए रोहतक के तहसीलदार राजेश कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए हैं। रोहतक तहसीलदार द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि संबंधित भूमि पर किसी न्यायालय का स्टे, स्टेटस-को आदेश जारी न हो तथा नियमानुसार कार्य किया जाए।

### लावारिस हालत में मिला दिव्यांग युवक

**रोहतक।** झज्जर के गांव साल्हावास में पुलिस को लावारिस हालत में एक दिव्यांग युवक मिला है। पुलिस ने युवक को जन सेवा संस्थान द्वारा संचालित अनाथाश्रम में रखावा दिया है। जन सेवा संस्थान अनाथाश्रम ने प्रवक्ता ने बताया कि युवक कुछ भी नहीं बता पा रहा है। पुलिस ने युवक की पहचान के लिए विभिन्न पुलिस थानों में सूचना दे दी है।



दुष्यंत चौटाला के बयान पर बोले, आरोप लगाने से कुछ नहीं होता, स्वयं डिप्टी सीएम रहे, सीएम से मिलकर करवाएं कारवाई

# कानून व्यवस्था को लेकर सरकार गंभीर, प्रदेश में बदमाशों के लिए कोई स्थान नहीं : डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

प्रदेश के सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में बदमाशों के लिए कोई स्थान नहीं है और मुख्यमंत्री नायब सैनी साफ कर चुके है कि या तो बदमाश हरियाणा छोड़ दें या फिर सरकार उन्हें नहीं छोड़ेगी। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के बयान को लेकर भी कैबिनेट मंत्री ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दुष्यंत चौटाला उप मुख्यमंत्री रह चुके हैं और सरकार का भी हिस्सा रहे हैं। अगर उन्हें यह पता है कि यह अधिकारी बदमाशों के साथ मिलीभगत किए हुए हैं तो वह मुख्यमंत्री से मिलकर कार्रवाई करवाए, क्योंकि सरकार कानून व्यवस्था को लेकर पूरी तरह से गंभीर है।



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा। फोटो: हरिभूमि

### सीएम ने बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस फ्री हैंड रखा

शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा रोहतक पहुंचे थे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पूरी तरह से गंभीर है। गुरुग्राम और सोनीपत में पुलिस द्वारा बदमाशों के खिलाफ शुरू की गई कार्रवाई अपराध पर शिकंजा कसने तक जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बदमाशों के लिए कोई भी जगह नहीं है और मुख्यमंत्री ने बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को फ्री हैंड कर रखा है, सीएम ने साफ-साफ संदेश दिया है कि बदमाश हरियाणा छोड़ दें, अन्यथा सरकार नहीं छोड़ेगी। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि सरकार अपराध को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है और आए दिन बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। जजपा नेता दुष्यंत चौटाला आरोप प्रत्यारोप कर रहे हैं, उसका कोई औचित्य नहीं बनता। वो खुद गठबंधन की सरकार में उपमुख्यमंत्री रहे हैं। उन्हें मुख्यमंत्री से मिलने से कौन रोक रहा है। अगर उनके पास ऐसे अधिकारियों के नाम है, जो अपराधियों से मिलीभगत किए हुए हैं तो वह लिखकर दे दे। दुष्यंत चौटाला को तो स्वयं मुख्यमंत्री से मिलकर कार्रवाई करवानी चाहिए। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग नए तरीके से काम करने में लगा हुआ है। फरवरी से पर्यटन स्थलों पर शुरू की गई ऑनलाइन बुकिंग से सैलानियों की संख्या भी बढ़ रही है और आगे भी नए-नए बदलाव किए जाएंगे ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। यहीं नहीं उन्होंने कहा कि अब वीटा व हैफेड मिलकर काम करेंगे और वीटा के बूथों पर हैफेड का भी सामान जल्द ही मिलना शुरू हो जाएगा।

रविवार को मंत्री रणबीर गंगवा करेंगे लोकार्पण

# शहर को जल्द मिलेगी 23 करोड़ की बड़ी सौगात

*राहड़ तालाब स्टॉर्म वाटर डिस्पोजल प्रोजेक्ट का होगा उद्घाटन*

- जलभराव की समस्या से निपटने के लिए राहड़ तालाब पर बनाए गए स्टॉर्म वाटर डिस्पोजल प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य लगभग हो चुका है पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरियाणा सरकार द्वारा रोहतकवासियों को एक और बड़ी सौगात देने की तैयारी कर ली गई है। बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए राहड़ तालाब पर बनाए गए स्टॉर्म वाटर डिस्पोजल प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। करीब 23 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुए इस प्रोजेक्ट का उद्घाटन 29 जून को हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा द्वारा किया जाएगा। शुक्रवार को पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ने मौके पर पहुंचकर परियोजना का निरीक्षण किया और अधिकारियों से प्रोजेक्ट की वर्तमान स्थिति और कार्यों की गुणवत्ता को लेकर विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने संतोष जताया कि यह बहुप्रतीक्षित योजना अब साकार रूप लेने जा रही है। राहड़ तालाब के आसपास के क्षेत्रों में हर वर्ष बरसात के दौरान भारी जलभराव की स्थिति बन जाती थी। इस समस्या के समाधान के लिए पिछले दो वर्षों से पाइपलाइन दबाने और निकासी तंत्र विकसित करने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा था, जो अब अपने अंतिम चरण में है।





### पानी निकासी के लिए लोगों ने किए थे प्रदर्शन

पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने बताया कि यह इलाका बरसाती पानी की निकासी की पुरानी समस्या से जूझता रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले 10 वर्षों तक प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रही, लेकिन उन्होंने इस मुद्दे की कोई सुध नहीं ली। मौजूदा भाजपा सरकार ने जनता की लंबे समय से चली आ रही इस मांग को गंभीरता से लेते हुए प्रोजेक्ट को मंजूरी दी और अब यह जनता को समर्पित होने जा रहा है।इसके लिए लोगों ने प्रदर्शन तक किए है।

### जन सहयोग से संभव हुआ कार्य

उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रोजेक्ट न केवल राहड़ तालाब के आस-पास के इलाकों को राहत देगा बल्कि अन्य निकटवर्ती कॉलोनियों और सेक्टरों में भी जलभराव की समस्या से निजात दिलाएगा। ग्रोवर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्घाटन से पहले सभी तकनीकी कार्यों की जांच पूरी तरह कर ली जाए और कहीं कोई कमी न छोड़ी जाए।

### प्रोजेक्ट बनकर हो गया है तैयार

बरसाती पानी के निकासी का प्रोजेक्ट बनकर तैयार हो गया है। इस पर करीब 23 करोड़ रुपये की लागत आई है और कई कॉलोनियों के लोगों को लाभ होगा। यह पुरानी समस्या थी, जिसका मौजूदा राज्य सरकार ने समाधान किया है। मौजूदा मानसून के मौसम से पहले उद्घाटन कराकर इसे चालू कर दिया जाएगा। **-संजीव कुमार, एक्सन सीवरेज, जन स्वास्थ्य विभाग**

### भाजपा सरकार व पूर्व मंत्री का धन्यवाद

बारिश के दिनों में पानी लोगों के घरों में घुस जाता था। 2014 से पहले हरियाणा में कांग्रेस की सरकार 10 साल रही, लेकिन तत्कालीन विधायक भारत भूषण बत्रा और कांग्रेस सांसद ने इस समस्या के समाधान पर कोई काम नहीं किया। पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने लोगों की इस समस्या को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। अब बरसाती पानी का प्रोजेक्ट बनकर तैयार है। इसके लिए हरियाणा की भाजपा सरकार व पूर्व मंत्री ग्रोवर का धन्यवाद करता हूं। **-कपिल नागपाल, पार्षद वार्ड 7**

### इन इलाकों को होगा फायदा

गुरुनानक पुरा स्थित राहड़ तालाब में पानी निकासी का प्रोजेक्ट बनाया गया है। यहां से करीब साढ़े 4 किलोमीटर लंबी लाइन डाली गई है। बरसाती पानी की यह लाइन टीबी हॉस्पिटल गोहाना रोड, सुखपुरा चौक, वीटा मिल्क प्लांट चौक से होते हुए जसिया ड्रेन से जोड़ी गई है। सैनीपूरा, प्रेम नगर चौक, गोहाना अड्डा, महावीर कॉलोनी, गुरुनानक पुरा सहित अन्य इलाकों को इसका फायदा होगा।



## नगर निगम ने अखिल भारतीय गोशाला पहरावर से किया समझौता

*अब बेसहारा पशुओं की देखरेख होगी बेहतर*

- निगम की गोशाला में सैकड़ों गायों की मौत के बाद लिया गया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

नगर निगम ने शहर में बेसहारा और आवारा पशुओं की समस्या से निपटने तथा उनकी समुचित देखभाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय गौशाला, पहरावर के साथ एक महत्वपूर्ण इकरारनामा किया है। यह कदम ऐसे समय पर उठाया गया है जब नगर निगम की अपनी गौशाला में क्षमता से अधिक गौवंश रखे जाने और देखरेख की कमी के चलते सैकड़ों गायों की मौत हो चुकी है। निगम की गौशाला में लगातार बिगड़ते हालात और बीमार पशुओं की उपेक्षा को लेकर पहले ही कई बार सवाल उठ चुके हैं। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि नगर निगम की गौशाला में पशुओं को रखने की पर्याप्त क्षमता नहीं है, जिससे वहां अव्यवस्था बढ़ गई है और पशुओं की जान तक खतरे में पड़ गई। रोहतक को आवारा पशु मुक्त घोषित करने के लिए अब विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत शहर में घूम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़कर अखिल भारतीय गौशाला, पहरावर में छोड़ा जाएगा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम ने अब नई व्यवस्था के तहत आवारा पशुओं को बाहर की गौशाला में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। संयुक्त आयुक्त सहायक अभियंता सत्यव्रत, वार्ड नंबर 20 के पार्षद प्रवीण कौशिक, गौशाला की ओर से नरेश शर्मा, प्रहलाद व नीरज कौशिक मौजूद रहे।

### पशुओं की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता

हमारी प्राथमिकता पशुओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और शहर की व्यवस्था बनाए रखना है। नगर निगम की गौशाला में बढ़ती संख्या के चलते देखभाल प्रभावित हुई है, इसलिए अब नई साझेदारी के तहत व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाएगा। **-आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा**

### गोशाला में होगा टैगिंग और रिकॉर्ड

डॉ. शर्मा ने बताया कि गोशाला में छोड़े जाने वाले हर पशु की टैगिंग करवाई जाएगी और उनका पूरा रिकॉर्ड नगर निगम द्वारा संधारित किया जाएगा, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और पशुओं की नियमित निगरानी हो सके।

## गांव खेड़ी साध में युवक पर किया जानलेवा हमला

*सीसीटीवी में वारदात कैद, मामला दर्ज*



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गांव खेड़ी साध में एक युवक पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला किया। यह पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। इसकी सूचना पीड़ित ने पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकातय पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी। पीड़ित जितेंद्र दक्ष ने बताया कि 26 जून को उसके चाचा की तेरहवीं थी, इसलिए वह घर पर था। दोपहर करीब 12 बजे गांव के ही कुछ लोग उसके घर आए, गाली-गलौच और धमकी देने लगे। इस दौरान आस-पास के लोगों ने बीच-बचाव कर दिया। जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। आईएमटी थाना पुलिस को दी शिकायत में जितेंद्र दक्ष ने बताया कि गांव के साहिल, प्रवीन, बिजेंद्र, आईएमटी मुर्गा स्टोर मालिक और एक अज्ञात दुकानदार सड़क पर गंदगी डालते है। जिसके कारण पशुओं की भीड़ उनके घर के सामने लगी रहती है। इसको लेकर नगर निगम में शिकायत की थी, जिसके बाद निगम टीम ने आकर दुकानदारों के खोखे तोड़ दिए और गंदगी डालने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। इसी से रंजिश रखते हुए आरोपियों ने उसके ऊपर हमला किया है। जितेंद्र दक्ष ने बताया कि 26 जून को उसके चाचा की तेरहवीं थी तो आरोपियों ने उसे धमकी दी है कि नगर निगम में जो शिकायत की है, उसे वापस ले, नहीं तो तेरी भी तेरहवीं करवा देंगे। आरोपियों से उसे व उसके परिवार को जान का खतरा है। यह पूरा मामला बाहर लगे एक सीसीटीवी में भी कैद हुआ है, जिसमें आरोपी बीयर की बोतल को तोड़कर हमला करने के लिए आगे बढ़ रहा है।

### पुलिस कर रही जांच

एक युवक ने कुछ लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला करने की शिकायत दी है। पुलिस ने मामले में सीसीटीवी को कब्जे में लिया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। जल्द ही आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जाएगी। **-रविंद्र कुमार**, आईएमटी थाना प्रभारी

## 12 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत



डॉ. तरन्नुम खान

**रोहतक।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षा तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरजा कुलवंत कलसन के मार्गदर्शन में स्थानीय कोर्ट परिसर में 12 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान ने बताया कि आम जनता अपने लंबित मुकदमों को राष्ट्रीय लोक अदालत में रखकर आपसी सहमति से सुलभ न्याय प्राप्त कर सकते हैं। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में चालान से संबंधित मुकदमे, बैंक से संबंधित मुकदमे, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से संबंधित मुकदमों आदि को आपसी सहमति से सुलझाया जाएगा। यह राष्ट्रीय लोक अदालत 12 जुलाई को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। उन्होंने आमजन का आह्वान किया है कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोक अदालत में शामिल होकर अपने लंबित मुकदमों का निपटारा करवाकर सुलभ व शीघ्र न्याय प्राप्त करें।

## डॉ. सुरेन्द्र सिंह डायरेक्टर कैंपस फॉरेस्ट्री एंड प्लांटेशन ड्राइव मनोनीत

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने बॉटनी विभाग के प्रोफेसर डॉ. सुरेन्द्र सिंह यादव को डायरेक्टर, कैंपस फॉरेस्ट्री एंड प्लांटेशन ड्राइव मनोनीत किया है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि प्रो. सुरेन्द्र सिंह यादव को डायरेक्टर, कैंपस फॉरेस्ट्री एंड प्लांटेशन ड्राइव का दायित्व अतिरिक्त कार्यभार के तौर पर तुरंत प्रभाव से दिया है।

प्रो. सुरेन्द्र सिंह यादव ने इस दायित्व के लिए कुलपति प्रो. राजबीर सिंह का आभार जताते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे।

### एचटेट परीक्षा लेवल -1 के लिए एक से अधिक बार आवेदन पर देना होगा स्पष्टीकरण प्रपत्र

**रोहतक।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से संबद्ध हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2024 हेतु कुछ अभ्यर्थियों द्वारा एक लेवल के लिए एक से अधिक बार ऑनलाइन आवेदन व रजिस्ट्रेशन किया गया है। उनके आवेदन रजिस्ट्रेशन रद्द किए जा सकते हैं। ऐसे सभी अभ्यर्थियों की सूची बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट **www.bseh.org.in** पर उपलब्ध है।

**पहल** शिकायतकर्ताओं ने ठगी के बाद साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई थी

# साइबर ठगी के अलग-अलग पांच मामलों में पुलिस ने पीड़ितों को 1,34,849 रुपये लौटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में पांचों लोगों के कोर्ट के आदेश पर पैसे वापिस किए। अर्बन एस्टेट थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि थाने में साइबर ठगी की अलग-अलग पांच शिकायते प्राप्त हुई। शिकायतकर्ता द्वारा ठगी होने पर तुंरत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत की गई। थाना अर्बन एस्टेट टीम ने कार्यवाही करते हुए मामलो की गहनता से जांच की गई। शिकायत मिलने पर जिस खाता में पैसे ट्रांसफर हुए उन खातों को फ्रीज करवाया गया। फ्रीज करवाई गई धनराशि को वापिस पीड़ित के खाते में भिजवाने की प्रक्रिया पूरी करते हुए 5 पीड़ितों को कुल 1,34,849 रुपये लौटाए हैं। जांच के बाद कोर्ट के आदेश पर पीड़ितों को रुपये वापिस किए गए हैं।

### अनजान युवक ने फंसाया

13 दिसंबर 2024 को पारुल के पास अनजान युवक ने फोन किया। युवक ने पारुल को बताया गया कि उसके पिता को 12 हजार रुपये किराया देना है और आपके पास गलती से 20 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए है। पारुल के पास युवक ने 20 हजार रुपये का फेक संदेश भेजा। युवक ने ऐसे 2-3 बार कॉल कर पारुल से कुल 48 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए। 1930 पर शिकायत प्राप्त होने पर ट्रांसफर किए गए रुपयो को फ्रीज करवाया गया। कोर्ट के आदेश पर पारुल को 48 हजार रुपये वापिस लौटाए गए हैं।

### दोस्त बताकर की ठगी

22 मई को बोहर निवासी जोगेंद्र के पास अनजान युवक ने कॉल कर कहा कि वह उसका दोस्त बोल रहा है। उसे किसी व्यक्ति से 25 हजार रुपये लेने है। युवक ने कहा कि उसके बैंक खाते में कुछ प्राब्लम चल रही है जिस कारण वो जोगेंद्र के खाते में रुपये डलवा रहा है। युवक ने जोगेंद्र के पास 25 हजार रुपये का फेक संदेश भेजा। युवक ने जोगेंद्र को अन्य नम्बर देकर 30 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए। जोगेन्द्र द्वारा ठगी की तुंरत शिकायत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर की गई। पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए ट्रांसफर हुए 5 बैंक खातों को फ्रीज करवाया गया। जोगिन्द्र को 20 जून को 14399/- रुपये व 24 जून को 9950/- रुपये लौटाए गए हैं।

### प्रोडक्ट के विज्ञापन से फ्रॉड

सनसिटी निवासी सचिन ने ओलक्स पर एक प्रोडक्ट का विज्ञापन देखा। सचिन ने प्रोडक्ट को खरीदने के लिये दिए गए नंबर पर सम्पर्क किया। सचिन से प्रोडक्ट की आधी कीमत डिलिवर होने से पहले 12 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए। शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 19 जून को 12 हजार रुपये जोगिंद्र को कोर्ट के आदेश पर रुपये वापिस दिलवाए गए हैं।

### 10 हजार ट्रांसफर कर दिए

पुनीत ने गलती से किसी अनजान युवक के पास 10 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। पुनीत द्वारा शिकायत दर्ज करायी गई। शिकायत मिलने पर ट्रांसफर हुये खाते को फ्रीज करवाया गया। पुनीत को कोर्ट के आदेश पर 10 हजार रुपये दिलवाए गए हैं।

### टास्क के नाम से ठगी

सेक्टर-1 निवासी अंतरा के पास एक अंजान ईमेल से अंतरा के अधिकारी के नाम पर एक ईमेल प्राप्त हुआ। जिसमें एक टास्क दिया हुआ था। कुछ देर बाद किसी वेंडर को 40500 रुपये भेजने बारे मैसज मिला। अंतरा ने अपने अधिकारी का आदेश मानकर 40500 रुपये ट्रांसफर कर दिए। रुपये भेजने के बाद अंतरा ने अपने अधिकारी से सम्पर्क किया तो उसे पता चला कि उसके साथ साइबर ठगी हुई है।


सबसे ऊंची उड़ान भरने वाला पक्षी गिद्ध है, जो 11,000 मीटर की ऊंचाई तक उड़ सकता है।




सबसे बड़ा मकड़ी का जाला 28 मीटर चौड़ा और 34 मीटर लंबा हो सकता है।





# अच्छी जॉब चाहिए तो सीखनी होगी अच्छी स्किल



नॉलेज


यंगभूमि डेस्क

आजकल जमाना काफ़ी तेजी से आगे बढ़ रहा है। हर दिन नई-नई टेक्नोलॉजी सामने आ रही है। ऐसे में मनुष्य का भी नई टेक्नोलॉजी के अनुसार ढलना जरूरी है। अब ऐसा नहीं है कि आपने कोई भी पढ़ाई की और आराम से नौकरी मिल जाएगी। अब विद्यार्थियों को नौकरी लेने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। नौकरी लेने के लिए अब पढ़ाई नहीं बल्कि स्किल होनी चाहिए। आपको जॉब देने वाले लोग देखेंगे कि आपके अंदर किसी काम को करने के लिए कितना कौशल है। आप किस प्रकार किसी भी कम को करते हैं या समझते हैं और उसे कितने तरीके से कर सकते हैं।

## कौशल होना जरूरी

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंजीनियरिंग :** आज का जमाना आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है। हर कोई मोबाइल और इंटरनेट पर अपना पूरा समय व्यतीत करता है। इस प्रक्रिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक ऐसा माध्यम है जहां मशीन आपके अनुसार कार्य करती है। आने वाले वक़्त में पूरी दुनिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बड़े पैमाने पर उपयोग करेगी। इस कारण आज के समय में अगर आप एक ऐसी नौकरी पाना चाहते हैं जिनकी मांग बहुत ज्यादा हो, कंपटीशन कम हो और ज्यादा से ज्यादा पैसा मिले तो आपको आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का कोर्स करना चाहिए। यह कोर्स आप आसानी से ऑनलाइन या ऑफलाइन कर सकते है। किसी भी संस्था के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का कोर्स करने के लिए सबसे पहले आपको पूरी जानकारी एकत्रित कर लेनी है।

## मशीन लर्निंग



आज के डिजिटल दौर में अलग-अलग कंप्यूटर व अलग-अलग तरह की मशीन बनाई जा रही है। यही वजह है कि मशीन लर्निंग की मांग काफी तेज हो चुकी है। इसके लिए आपको अलग-अलग कंप्यूटर लैंगवेज की समझ होनी चाहिए। मशीन लर्निंग के बारे में अच्छे से समझ कर आप अच्छी कमाई कर सकते है। बहुत सारी कंपनी में मशीन लर्निंग का काम करने वाले कर्मचारी को अच्छी सैलरी दी जाती है। इस समय भी इसकी काफी ज्यादा डिमांड है और इस क्षेत्र में कंपटीशन भी नहीं है। आप ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से मशीन लर्निंग के बारे में जान सकते है और ज्यादा से ज्यादा कंप्यूटर लैंग्वेज सीखकर मशीन लर्निंग के क्षेत्र में तरक्की कर

## ये योग्यताएं भी होना बहुत जरूरी

### क्लाउड कंप्यूटिंग

आज से कुछ वक्त पहले कंप्यूटर में जानकारी को स्टोर करने की प्रोसेस थोड़ी अलग थी और अब लोगों की संख्या बढ़ाने और हैकिंग होने के कारण क्लाउड कंप्यूटिंग दिन प्रति दिन पॉपुलर हो रहा है। जानकारी को एकत्रित रखने का एक शानदार माध्यम है जो आपकी वेबसाइट और सॉफ्टवेयर को हल्का रखता है। अगर आप इस दौर में में कोई ऐसी नौकरी चाहते हैं जहां कंपटीशन कम हो और आपकी काबिलियत के अनुसार आपको हाई सैलरी वाली जॉब मिल सके तो आज के समय में हर बच्चे को क्लाउड कंप्यूटिंग के बारे में जानकारी प्राप्त करनी चाहिए।

### ब्लोक चेन टेक्नॉलाजी

पिछले समय से आपने बिटकॉयन के बारे में काफ़ी सुना होगा। यह एक करेंसी है जो ब्लाकचैन टेक्नोलॉजी पर चलती है। यही कारण है कि बिटकॉइन को कोई एक संस्था कंट्रोल नहीं करती है यह टेक्नोलॉजी इस कारण से लोगों के बीच काफी विख्यात हुई है और इस टेक्नोलॉजी को अन्य क्षेत्र में भी उपयोग करने की कोशिश की जा रही है। आगामी समय में ब्लाकचैन टेक्नोलॉजी का प्रयोग लगभग सभी संस्थाओं में किया जाएगा। अगर आप भी अच्छा पैसा कमाना चाहते है और अच्छी जॉब लेना चाहते है तो इसके बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करें और इसके बारे में अच्छी तरह समझे। इसके लिए आपको ब्लोक चेन टेक्नॉलाजी स्किल पर पूरा कमांड प्राप्त करना होगा।

### फाइनेंस मैनेजर

फाइनेंस के क्षेत्र में बहुत सारे ऐसे कोर्स हैं जिनके बारे में आपको पता होना चाहिए। जितनी जल्दी जमाना ग्रोथ कर रहा है लोगों की खरीदने की आदत उतनी गति से तेज हो रही है। पहले की अपेक्षा आज लोग ज्यादा खरीदारी करते हैं।



---

## आपके विदेश जाने के सपनों को भी कर सकते हैं पूरा

# विदेश में मिलेगा लाखों का पैकेज, भारी डिमांड वाले ये कोर्स बनाएंगे करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## फाइनेंस फील्ड में 60 लाख सालाना तक वेतन

विदेश में नौकरी का सपना हर युवा देखता है, लेकिन कम ही लोग विदेश में नौकरी कर पाते हैं। यदि आप भी विदेश में अच्छी नौकरी करके लाखों रुपए कमाना चाहते हैं तो यह इंफरमेशन आपके लिए ही है। आपको 12वीं के बाद ऐसे कोई कोर्स करना चाहिए, जिसकी विदेशों में भी काफी डिमांड रहती है। इनमें मैकेनिकल इंजीनियर, कंप्यूटर साइन्स, सिविल इंजीनियरिंग, बीमा विज्ञान, बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, फार्मास्यूटिकल साइन्स, डिजिटल मार्केटिंग, डाटा एनालिटिक्स, मरीन इंजीनियरिंग, मीडिया और एनिमेशन कोर्स की डिमांड ज्यादा है। ऐसे कई कोर्स है जो लाखों की कमाई के साथ अच्छा करियर बनाने में मददगार साबित हो सकते हैं। साथ ही विदेश जाने का सपना भी पूरा कर सकते हैं।

### मेकेनिकल इंजीनियर

विदेशों में टेक्निकल लोगों की काफी डिमांड है। खासकर मशीनरी और उसके पार्ट्स को डिजाइन और डवलप करने का काम करने वाली कंपनियों में काफी जॉब है। इसमें मैन्यूफैक्चरिंग प्रोसेस की देखरेख करने का भी काम होता है। मैकेनिकल इंजीनियरिंग कोर्स की सबसे ज्यादा मांग अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, आस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे देशों में है। यहां मैकेनिकल इंजीनियर को सालाना 56 लाख रुपए की सैलरी पर आसानी से नौकरी मिल जाती है।



### कंप्यूटर साइन्स

कंप्यूटर के युग में नई-नई टेक्नालॉजी आ रही है, कंप्यूटर सिस्टम में नए-नए एप्लीकेशन और सॉफ्टवेयर आ रहे हैं। ऐसे में कंप्यूटर साइंस कोर्स आपको अच्छे पैकेज वाली नौकरी विदेश में दिलवाएगा। विदेशों में साइबर फ्राड काफी ज्यादा बढ़ गए हैं, ऐसे में वहां कंप्यूटर साइंस की डिमांड भी लगातार बढ़ रही है। कंप्यूटर साइन्स में कंप्यूटर सिस्टम और उसके नेटवर्क की सुरक्षा करना, डाटा को हैकिंग से बचाना और साइबर क्राइम से प्रोटेक्शन करना सिखाया जाता है। कंप्यूटर साइंस के स्टूडेंट्स खासकर भारतीय स्टूडेंट्स की काफी डिमांड विदेशों में ज्यादा रहती है। इस कोर्स के बाद आप अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, आयरलैंड, जर्मनी और इजरायल में जॉब कर सकते हैं। सालाना पैकेज भी 61 लाख से अधिक का मिल सकता है।



### सिविल इंजीनियरिंग

भारत के सिविल इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट्स की डिमांड भी विदेशों में इसलिए है क्योंकि भारत के इस कोर्स में पब्लिक, प्राइवेट सेक्टर्स में सड़क, भवन, बिल्डिंग्स एयरपोर्ट, सुरक्षा के लिए निर्माण और जलापूर्ति का डिजाइन करना इस कोर्स के अंतर्गत आता है। और, इसी की डिमांड यूएई, आस्ट्रेलिया और अमेरिका में काफी है। क्योंकि इन देशों में लगातार विस्तार हो रहा है। सैलरी का पैकेज भी 55 लाख सालाना मिलता है।

### बीमा विज्ञान

यदि आप बीमा विज्ञान के क्षेत्र में कोर्स कर रहे हैं तो निश्चित ही आप विदेश में नौकरी करेंगे। क्योंकि इसकी काफी डिमांड विदेशों में बढ़ गई है। वित्त के क्षेत्र में बीमा के लिए सांख्यिकी, रिस्क और मॉडलिंग के साफ्टवेयर, तकनीकों का इस्तेमाल इस कोर्स में होता है। इंश्योरेंस साइंस में कोर्स करने वाले स्टूडेंट्स अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में आसानी से जॉब कर सकते हैं। सालाना पैकेज 65 लाख से ज्यादा हो सकता है।

### बायोमेडिकल इंजीनियरिंग

यदि आप बायोमेडिकल इंजीनियरिंग का कोर्स कर रहे हैं तो आपके लिए भी विदेश में नौकरी के काफी अवसर मिलेंगे। मेडिकल के क्षेत्र में इंजीनियरिंग स्किल्स का उपयोग और हेल्थकेयर में उपयोग होने वाले उपकरण तैयार करने, डिजाइन और उन पर रिसर्च करना, इस कोर्स का हिस्सा है। इसके बाद आपको न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया, आयरलैंड, यूके और कनाडा में 58 लाख रुपए की सालाना सैलरी पर नौकरी मिल सकती है।



### फार्मास्यूटिकल साइन्स

कोरोना काल के बाद यह सेक्टर काफी ऊंचाइयों पर पहुंच गया है। इन दिनों भी डिमांड लगातार बढ़ रही है। फार्मास्यूटिकल साइन्स का कोर्स आपका करियर बना देगा। इसमें नई-नई दवाओं को विकसित करना, उनकी टेस्टिंग करना और उन्हें मैन्यूफैक्चर करने का काम सिखाया जाता है। इस कोर्स के बाद आपको कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, आयरलैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया में 60 लाख रुपए के सालाना पैकेज पर नौकरी आसानी से मिल सकती है।

### डिजिटल मार्केटिंग

कोरोना काल के बाद अब लोग डिजिटल तरीकों से ज्यादा काम करने लगे हैं। कई कंपनियां भी डिजिटल मार्केटिंग पर जोर दे रही हैं। यही कारण है कि अब सभी प्लानिंग डिजिटल प्लेटफॉर्म को ध्यान में रखकर की जाने लगी है। इनमें सोशल मीडिया के फेसबुक, वाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम जैसी साइट्स के जरिए भी काम होने लगा है। देश ही नहीं विदेशों में भी मैनेजर और ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स जैसे प्रोफेशनल्स की मांग काफी बढ़ रही है। यह फील्ड क्रिएटिव वर्क के साथ ही अच्छी-खासी सैलरी भी दे रही है।

### डाटा एनालिटिक्स

कई कंपनियां डाटा एनालिटिक्स की भी भर्ती करती है। क्योंकि डाटा के जरिए कंपनी सेल्स स्ट्रेटेजी के जरिए कंपनी को आगे बढ़ा सकती है। इसका कोर्स भी युवाओं में काफी लोकप्रिय हो रहा है। डाटा साइंटिस्ट की मांग विदेशों में ज्यादा बढ़ गई है। लाखों का सालाना पैकेज भी कंपनियां दे रही हैं। गणित, स्टेटिस्टिक्स और कंप्यूटर एप्लिकेशन के स्टूडेंट्स डाटा साइंटिस्ट या डाटा एनालिटिक्स का कोर्स कर विदेशों में नौकरी आसानी से पा सकते हैं।

### मरीन इंजीनियरिंग

यदि आप मरीन क्षेत्र में नौकरी का सपना देख रहे हैं, तो यह इसका कोर्स आपको बेहतरीन करियर बनाने में मदद करेगा। मरीन इंजीनियरिंग कोर्स कर आप देश-विदेश के मरीन फिल्म में नौकरी कर सकते हैं। मरीन इंजीनियरिंग का काम करने वाले युवा जहाज की मरम्मत करने और उसकी देखरेख का काम करते हैं। इसमें भी लाखों रुपए का पैकेज मिलता है।

### मीडिया और एनिमेशन कोर्स

जर्नलिज्म, फिल्म इंडस्ट्री और ब्रांड एनिमेशन में रुचि रखने वाले स्टूडेंट्स भी विदेशों में जॉब कर सकते हैं। इस कोर्स के लिए सबसे जरूरी है क्रिएटिव स्किल्स। इसमें एनिमेशन की डिमांड है, विज्ञापन और मार्केटिंग के लिए भी इसका उपयोग होता है। इस कोर्स के बाद काफी जॉब विदेशी कंपनियों में निकल रहे हैं। सैलरी भी काफी आकर्षक है। इस कोर्स के जरिए आप अपना बिजनेस भी शुरू कर सकते हैं, देश में रहकर या विदेश में रहकर भी आप अच्छा पैकेज पर जॉब कर सकते हैं।

---

# नकारात्मकता को अपनी ताकत बनाकर मजबूती के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़े



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

जीवन में कई बार हम ऐसे माहौल में फंस जाते हैं, जहां नकारात्मकता हमारा हौसला तोड़ने की कोशिश करती है। चाहे वह पढ़ाई का दबाव हो, दोस्तों या परिवार की आलोचना, असफलता का डर, या समाज की नकारात्मक सोच, ये सभी हमारे आत्मविश्वास को कमजोर कर सकते हैं। लेकिन, प्रिय छात्रों, यह याद रखें कि आपकी ताकत आपके भीतर है। नकारात्मक माहौल को न केवल सहन किया जा सकता है, बल्कि उसमें भी आप मजबूती के साथ आगे बढ़ सकते हैं। आइए, जानते हैं कि कैसे आप नकारात्मकता को अपनी ताकत में बदल सकते हैं। नकारात्मक माहौल तब सबसे ज्यादा प्रभावित करता है, जब हम अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं। अपने सपनों को हमेशा सामने रखें। चाहे लोग आपको कितना भी निराश करें, यह याद रखें कि आपका लक्ष्य आपकी प्रेरणा है। हर सुबह अपने आप से पूछें, "मैं यह क्यों कर रहा हूँ?"

## अपने दिमाग को अच्छे विचारों से भरें

**अपने जवाब को ही अपनी ढाल बनाएं। उदाहरण के लिए, अगर आप एक परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, तो नकारात्मक टिप्पणियों को अनदेखा करें और अपने अध्ययन पर ध्यान दें।**

**सकारात्मक सोच को अपनाएं :** नकारात्मक माहौल में सकारात्मक सोच आपका सबसे बड़ा हथियार है। हर दिन अपने आप को कुछ सकारात्मक बातें कहें, जैसे "मैं मेहनती हूँ," "मैं अपने लक्ष्य को हासिल कर सकता हूँ।" नकारात्मक लोगों की बातों को सुनें, लेकिन उन्हें दिल से न लगाएं। इसके बजाय, उनसे प्रेरणा लें कि आपको और बेहतर करना है। सकारात्मक किताबें पढ़ें, प्रेरणादायक कहानियाँ सुनें, और अपने दिमाग को अच्छे विचारों से भरें।

**अपने समय का सही उपयोग करें :** नकारात्मक माहौल में समय बर्बाद करना सबसे आसान होता है। लोग आपको हतोत्साहित कर सकते हैं, लेकिन आपका समय आपका है। इसे बुद्धिमानी से उपयोग करें। एक समय सारणी बनाएं और उसका पालन करें। पढ़ाई, खेल, और आत्म-विकास के लिए समय निकालें। जब आप अपने समय का सही उपयोग करते हैं, तो नकारात्मकता आपके दिमाग में जगह नहीं बना पाती।

**सही लोगों का साथ चुनें :** आपके आसपास के लोग आपके विचारों और भावनाओं को बहुत प्रभावित करते हैं। उन लोगों के साथ समय बिताएं जो आपको प्रेरित करते हैं, जो आपका हौसला बढ़ाते हैं। अगर आपके दोस्त या सहपाठी लगातार नकारात्मक बातें करते हैं, तो उनसे दूरी बनाएं। ऐसे गुरु, दोस्त, या परिवार के सदस्यों का साथ चुनें जो आपको आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

**असफलता को सीखने का अवसर बनाएं :** नकारात्मक माहौल में अक्सर असफलता का डर हमें कमजोर करता है। लेकिन असफलता कोई अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है। हर गलती से सीखें। अगर आप किसी परीक्षा में अच्छे अंक नहीं ला पाए, तो निराश होने के बजाय यह विश्लेषण करें कि क्या गलत हुआ और उसे कैसे सुधारा जा सकता है। थॉमस एडिसन ने बल्ब बनाने में हजारों बार असफलता देखी, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। आप भी अपनी असफलताओं को अपनी ताकत बनाएं।

**शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें :** नकारात्मक माहौल में मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। रोजाना व्यायाम करें, योग या ध्यान का अभ्यास करें। यह आपके दिमाग को शांत रखता है और तनाव को कम करता है। अच्छा खाना खाएं, पर्याप्त नींद लें, और अपने शौक को समय दें। जब आप शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होंगे, तो नकारात्मकता का आप पर कोई असर नहीं होगा।

## आभार व्यक्त करें

नकारात्मक माहौल में भी कुछ न कुछ अच्छा जरूर होता है। हर दिन इसके लिए आभार व्यक्त करें। उदाहरण के लिए, आपके पास पढ़ने का अवसर है, एक परिवार है, या दोस्त हैं जो आपका साथ देते हैं। आभार की भावना आपको सकारात्मक बनाए रखती है और नकारात्मकता को दूर भगाती है।

**खुद पर भरोसा रखें :** सबसे महत्वपूर्ण बात, खुद पर भरोसा करें। आप में वह ताकत है जो किसी भी नकारात्मक माहौल को पार कर सकती है। लोग जो कहते हैं, वह उनकी सोच है, आपकी हकीकत नहीं। अपनी क्षमताओं पर विश्वास करें और हर कदम पर खुद को प्रोत्साहित करें। आपके पास वह शक्ति है जो दुनिया को बदल सकती है। बस उस शक्ति को पहचानें और आगे बढ़ें। यह शक्ति आपके आत्मविश्वास, मेहनत और सकारात्मक सोच में छिपी है। नकारात्मक माहौल या चुनौतियाँ आपको रोक सकती हैं, लेकिन अगर आप अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहें और अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें, तो कोई भी बाधा आपको नहीं हरा सकती। हर छात्र के भीतर एक अनमोल ऊर्जा है, जो सही दिशा में उपयोग करने पर न केवल आपके जीवन को बदल सकती है, बल्कि समाज और दुनिया को भी बेहतर बना सकती है। इस शक्ति को पहचानें, अपने सपनों को पंख दें, और हर कदम पर दृढ़ता के साथ आगे बढ़ें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** भारत के किस प्रदेश की सीमाएं तीन देशों क्रमशः नेपाल, भूटान एवं चीन से मिलती है ?
(ए) अरुणाचल प्रदेश
(बी) मेघालय
(सी) पश्चिम बंगाल
(डी) सिक्किम

**2.** कौन - सा महत्त्वपूर्ण अक्षांश भारत को दो लगभग बराबर भागों में विभाजित करता है ?
(ए) $23^{\circ}30'$ दक्षिण
(बी) $23^{\circ}30'$ उत्तर
(सी) 0 डिग्री
(डी) $33^{\circ}30'$ उत्तर

**3.** भारत का सुदूर पश्चिम का बिंदु है -
(ए) $23^{\circ}7'$ पश्चिम, गुजरात में
(बी) $68^{\circ}7'$ पश्चिम, राजस्थान में
(सी) $68^{\circ}7'$ पूर्व, गुजरात में
(डी) $68^{\circ}7'$ पूर्व, राजस्थान में

**4.** अरावली एवं विंध्य श्रृंखलाओं के मध्य कौन - सा पठार स्थित है ?
(ए) मालवा का पठार
(बी) छोटानागपुर का पठार
(सी) दक्कन का पठार
(डी) प्रायद्वीपीय पठार

**5.** सिलवासा राजधानी है -
(ए) दमन एवं दीव की
(बी) दादरा एवं नगर हवेली की
(सी) लक्षद्वीप की
(डी) अरुणाचल प्रदेश की

**6.** निम्नलिखित राज्यों में से किसकी तटरेखा सर्वाधिक है ?
(ए) गुजरात
(बी) महाराष्ट्र
(सी) केरल
(डी) तमिलनाडु

**7.** उत्तर भारत में उप हिमालय क्षेत्र के सहारे फैले समतल मैदान को क्या कहा जाता है ?
(ए) तराई
(बी) दून
(सी) खादर
(डी) भावर

**8.** कोरी निवेशिका जिस पर स्थित है, वह है -
(ए) कच्छ की खाड़ी
(बी) खम्भात की खाड़ी
(सी) कच्छ का लिटिल रन
(डी) कच्छ का रन

उत्तर 1.(डी) 2.(बी) 3.(सी) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(डी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप



### मीडिया समन्वयक ने किया लाहली गांव का दौरा

**रोहतक।** स्वच्छ भारत मिशन स्टेट टास्क फोर्स के मीडिया समन्वयक पवन शर्मा ने कहा कि जिला में स्वच्छ सर्वेक्षण का सर्वे कार्य शुरू हो गया है। इसमें गांव, खंड और जिला स्तर पर स्वच्छता के विभिन्न मानकों पर रैंकिंग निर्धारित की जाएगी। इस प्रक्रिया का मकसद केवल रैंकिंग प्राप्त करना नहीं, बल्कि स्थायी स्वच्छता व्यवहार को जन-जन तक पहुंचाना है। पवन शर्मा ने आज स्वच्छ भारत मिशन अधिकारियों के साथ जिला के लाहली गांव का दौरा किया।



### प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं शिकायतें: डीसी

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा है कि आम जनता की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना बहुत महत्वपूर्ण है। उपायुक्त रोजाना की भांति आज भी अपने कार्यालय में आने वाले लोगों की शिकायतों को सुन रहे थे। उन्होंने एक-एक करके शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना। लिखित शिकायतों को हाथों-हाथ संबंधित विभागों के अधिकारियों को भेज कर उनके समाधान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी शिकायतों को गंभीरता से लें तथा उनका समुचित समाधान सुनिश्चित करें।



### किला रोड के सौन्दर्यकरण के कार्य में लाई जाएगी तेजी

**रोहतक।** नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि पिछले कुछ दिनो से निरंतर किला रोड के कार्य की निगरानी एवं निरीक्षण किया जा रहा है। उक्त क्षेत्र के वार्ड-7 सदस्य कपिल नागपाल व वार्ड-6 सदस्य प्रतिनिधि नोरातामल भटनागर एवं मार्केट एसोसिएशन के सदस्यों से भी निरंतर विचार-विमर्श किया जा रहा है कि किला रोड मार्केट रोहतक शहर की मुख्य मार्केट है तथा यहां पर प्रतिदिन हजारों व्यक्तियो का आवागमन रहता हैं।

### देवेन्द्र सोनिया गांधी ब्रिगेड के बने राष्ट्रीय महासचिव

**सांपला।** कस्बा निवासी पूर्व पार्षद देवेन्द्र ओहलायन को अखिल भारतीय सोनिया गांधी ब्रिगेड का राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है । देवेंद्र को इसकी सूचना गुरुवार को दी गई। शुक्रवार को समर्थकों ने माला पहनाकर बधाई दी। इस मौके पर देवेंद्र ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है वह निष्ठा पूर्वक निभाएंगे। उन्होंने सोनिया गांधी का भी आभार व्यक्त किया है।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगारपरक माहौल बना पसंदीदा विश्वविद्यालय

# बाबा मस्तनाथ विवि में दाखिले को लेकर छात्रों में काफी उत्सुकता

**विवि का उद्देश्य सिर्फ डिग्री देना नहीं, बल्कि छात्रों को संस्कार, सेवा और श्रेष्ठता की परंपरा से जोड़ना भी है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा ही नहीं, बल्कि उत्तर भारत के कई राज्यों से छात्र बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में दाखिला लेने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए चल रही प्रक्रिया के दौरान छात्रों का जो उत्साह देखा जा रहा है, वह इस बात का गवाह है कि यह संस्थान सिर्फ नाम से ही नहीं, बल्कि अपनी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोजगार के अवसरों के लिए भी प्रसिद्ध है। विश्वविद्यालय की नींव नाथ परंपरा की शिक्षाओं पर आधारित है, जो न केवल शिक्षा, बल्कि छात्रों में संस्कार, आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी भी विकसित करती है। इस विश्वविद्यालय की स्थापना महंत बाबा मस्तनाथ जी महाराज की प्रेरणा से हुई थी और आज यह महंत बालकनाथ के नेतृत्व में लगातार प्रगति कर रहा है।

यहां विज्ञान, प्रबंधन, नर्सिंग, आयुर्वेद, फार्मेसी, इंजीनियरिंग, पत्रकारिता, योग, शिक्षा, विधि, सामाजिक विज्ञान, साहित्य और संस्कृत जैसे विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी और डिप्लोमा कोर्सेज उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल ने ऑक्सीजन हॉस्पिटल, दिल्ली, अवस्त्र प्लेसमेंट, हेल्थकेयर और टेक कंपनियों के साथ मिलकर एक जॉब फेयर आयोजित किया, जिसमें कई छात्रों को शानदार जॉब्स मिलीं। नर्सिंग, फार्मेसी, मैनेजमेंट और कंप्यूटर साइंस के छात्रों को अच्छे सालाना पैकेज के ऑफर मिले हैं। विश्वविद्यालय में आधुनिकतम लाइब्रेरी, फुली वाई-फाई कैंपस, डिजिटल क्लासरूम, स्मार्ट लैब्स, होस्टल, मेस, जिम और खेलकूद की अच्छी व्यवस्था है। यहां योग और ध्यान के लिए भी केंद्र है, जो छात्रों के मानसिक विकास में मदद करता है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य सिर्फ डिग्री देना नहीं, बल्कि छात्रों को संस्कार, सेवा और श्रेष्ठता की परंपरा से जोड़ना भी है। यह विश्वविद्यालय अपने छात्रों को हर दृष्टि से तैयार करने का प्रयास कर रहा है, ताकि वे अपने करियर और जीवन में सफलता प्राप्त कर सकें।



रोहतक। बीएमयू के एडमिशन सेल पर विभिन्न कोर्सो में एडमिशन लेने पहुंचे छात्र-छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### छात्रों की संख्या में हो रहा लगातार इजाफा

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. एचएल वर्मा और कुलसचिव विनोद कुमार ने बताया कि इस सत्र में विश्वविद्यालय में दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है। यह उत्सुकता विश्वविद्यालय की बेहतरीन शिक्षण व्यवस्था, प्लेसमेंट रिकॉर्ड और अनुशासन पूर्ण वातावरण के कारण है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य छात्रों को ऐसा माहौल प्रदान करना है, जहां वे सिर्फ पढ़ाई ही न करें, बल्कि आत्मनिर्भर बनें और समाज और देश के लिए कुछ सार्थक योगदान दे सकें।

# वीटा प्लांट के दायरे में 158 नए बूथ स्थान किए चिन्हित



- वीटा बूथों की निगरानी बढाने व निजी कंपनियों के दूध उत्पाद बिक्री रोकने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा है कि युवाओं, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के मकसद से प्रदेश में डेयरी फेडरेशन द्वारा 10 विभागों में वीटा बूथ स्थापित करने के लिए विशेष कार्य योजना चलाई जा रही है। इसके तहत रोहतक वीटा प्लांट के दायरे में आने वाले 7 जिलों में 158 वीटा बूथ के स्थान चिन्हित किए गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो इन स्थानों को लेकर जल्द ही प्रक्रिया पूरी करे, ताकि वीटा उत्पाद घर-घर पहुंचाए जा सकें।

शुक्रवार बाद दोपहर सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने रोहतक में विभिन्न कार्यक्रमों उपरांत गोहाना रोड स्थित वीटा मिल्क प्लांट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने प्लांट सीईओ जयवीर यादव को निर्देश दिए कि वो वीटा मिल्क प्लांट के दायरे के जिलों से 2 लाख लीटर दूध संकलन के लक्ष्य को लेकर काम करें, ताकि गुणवत्ता से भरपूर वीटा उत्पाद तैयार किए जा सके। उन्होंने प्लांट की कार्यप्रणाली का जायजा लेने के साथ-साथ रोहतक, सोनीपत, झज्जर, भिवानी, रेवाड़ी, महेन्द्रगढ़ व चरखी दादरी में संचालित हो रहे 155 वीटा बूथों की निगरानी बढाने के निर्देश दिए।

### कैबिनेट मंत्री ने स्वच्छता पर दिया जोर

कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने स्पष्ट किया कि वीटा बूथों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए व डेयरी फेडरेशन के नियमों के अनुसार ही उत्पाद बिक्री सुनिश्चित की जाए। यही नहीं वीटा प्लांट के दूध उत्पादों के अतिरिक्त अन्य कम्पनियों के दूध उत्पाद बेचने वाले वीटा बूथ संचालकों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



**रोहतक।** एचएसवीपी (हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण) के नए प्रशासक डॉ. ब्रह्मजीत सिंह रांगी का स्वागत करते ऑल सेक्टर्स रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल। फोटो : हरिभूमि

### एचएसवीपी प्रशासक से मिला ऑल सेक्टर्स रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल

**रोहतक।** ऑल सेक्टर्स रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को एचएसवीपी (हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण) के नए प्रशासक डॉ. ब्रह्मजीत सिंह रांगी से उनके कार्यालय में औपचारिक मुलाकात के लिए पहुंचा। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एसोसिएशन के प्रधान रणबीर सिंह छिल्लर और संयोजक कदम सिंह अहलावत ने संयुक्त रूप से किया। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासक डॉ. रांगी का प्रशासक पद पर कार्यभार ग्रहण करने पर गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रतिनिधियों ने रोहतक के विभिन्न सेक्टरों की प्रमुख समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया। जिनमें सड़क व नाली निर्माण की स्थिति, जल निकासी की समस्या, स्ट्रीट लाइट्स की मरम्मत और रखरखाव, पार्कों की सफाई, रख-रखाव और हरियाली बढ़ाने के प्रयास, अवैध निर्माण और अतिक्रमण पर रोकथाम आदि।

# पटाखों के प्रतिबंध को लेकर बैंक्वेट हॉल संचालकों संग बैठक

- उल्लंघन करने पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई
- सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार पटाखों पर लगाया गया है पूर्ण रूप से प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी दिनेश कुमार, सहायक पर्यावरण अभियंता सुधीर बल्हारा एवं नितीश भारद्वाज द्वारा बैंक्वेट हॉल एसोसिएशन के साथ एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के संदर्भ में सभी आयोजकों को अवगत कराया गया तथा निर्देश दिए गए कि सभी आयोजनों में पटाखों का प्रयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि आदेशों की अवहेलना पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अनुपालना में रोहतक सहित संपूर्ण एनसीआर क्षेत्र के सभी जिलों में पटाखों पर रोक लगाई गई है। न्यायालय के आदेश पर हरियाणा सरकार ने प्रदेश में पटाखों पर पूरी तरह रोक लगाई है। प्रदेश के एनसीआर क्षेत्र में पडऩे वाले जिलों में पटाखों के निर्माण, स्टोर करने, बिक्री करने और पटाखे फोड़ने पर पूरी तरह रोक लगी हुई है।इसके अलावा खंड स्तरीय कमेटी एसडीएम की निगरानी में बनाई गई है। इसमें डीएसपी या एसएचओ, बीडीपीओ, तहसीलदार या नायब तहसीलदार, फायर स्टेशन ऑफिसर, पालिका या परिषद के कार्यकारी अधिकारी या सचिव, खंड शिक्षा अधिकारी, खनन अधिकारी, एचसीपीसीबी, रोहतक के फील्ड ऑफिसर को सदस्य बनाया गया है।



**रोहतक।** हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी बैंक्वेट हॉल व मैरिज हॉल संचालकों के साथ बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### कोर्ट के आदेशों को सख्ती से लागू करने के निर्देश

उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेशों को सख्ती से लागू करने के लिए उपायुक्त द्वारा जिला स्तर व खंड स्तर पर प्रवर्तन कमेटियों का भी गठन कर दिया गया है। जिला स्तरीय कमेटी उपायुक्त और खंड स्तर कमेटी संबंधित एसडीएम की निगरानी में काम करेंगी। साथ ही उपायुक्त की ओर से शिकायत निवारण सैल का भी गठन किया गया तथा शिकायत करने के लिए फोन नंबर व इंटरनेट मीडिया अकाउंट भी जारी किया गया है। ऐसे में कोई भी जिला वासी पटाखे छोड़ने, बेचने, स्टोर करने वालों की शिकायत यहां पर कर सकता है। शिकायतकर्ता का नाम गुप्त रखा जाएगा और प्रशासन की ओर से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पटाखों को जब्त किया जाएगा। इसमें संयोजक एचएसपीसीबी, रोहतक के क्षेत्रीय अधिकारी को बनाया गया है। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक, जिला नगर आयुक्त या संबंधित परिषद या पालिका के कार्यकारी अधिकारी या सचिव, दमकल विभाग के उपनिदेशक, उद्योग विभाग के जिला अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, डीआईपीआरओ, पीईएसओ प्रतिनिधि, जिला न्यायवादी और खनन अधिकारी को सदस्य बनाया गया है।

# रोजगार मेले में 460 को मौके पर मिली नौकरी

- युवा अपने कौशल का निरंतर करें अद्यतन : उपमंडलाधीश मुकंद तंवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मंडल रोजगार कार्यालय रोहतक व उपमंडल रोजगार कार्यालय महम द्वारा महम स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में उपमंडलाधीश मुकंद तंवर मुख्यातिथि रहे।

मुख्य अतिथि मुकन्द तंवर ने कहा कि युवा अपने कौशल का निरंतर अद्यतन करते रहे तथा रोजगार मेला में चयन न होने पर प्रार्थी निराश न हो बल्कि और मेहनत करें ताकि भविष्य में आयोजित होने वाले रोजगार मेला में उनका चयन हो सके। मुख्यातिथि का आईटीआई के प्राचार्य इन्द्र सिंह, सहायक रोजगार अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह ने स्वागत किया। मंडल रोजगार अधिकारी सोनम गोयल ने बताया कि इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र में चयन हेतू विभिन्न पदों पर प्रार्थियों का मौके पर चयन किया गया। मेले में लगभग 650 प्रार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 460 प्रार्थियों का मौके पर ही चयन किया गया। सहायक रोजगार अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की लगभग 9 कम्पनियों (जय भारत, मारूति ग्रूप, एच. एन.जी. लिमिटिड बहादुरगढ़, धूत ट्रांसमिशन बादली, झज्जर), डायनामिक प्रिसिजन प्राईवेट लिमिटिड रोहतक, नवभारत फर्टिलाईजर महम , आईसीआईसीआई बैंक , पीएफएनएल सिक्योरिटी महम और सॉवरियों बायो फर्टिलाईजर भिवानी आदि ) ने भाग लिया। इन कंपनियों ने विभिन्न पदों कंप्यूटर ऑपरेटर, अकाउंटेंट, आईटीआई के विभिन्न ट्रेडो हेतू मशीन ओपरेटर व प्राइवेट बैंको में रिलेशनशिप मैनेजर हेतू मौके पर ही प्रार्थियों का साक्षात्कार लिया।



# ड्रग फ्री इंडिया ने आमजन को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव व बचाव बारे में किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ आमजन को जागरुक करने के लिए एक स्पेशल टीम बनाई गई है। एएसआई मोहन के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया है। अभियान के तहत स्पेशल टीम गांव, शहर, वार्ड इत्यादि में आमजन को नशे के दुष्प्रभाव एवं बचाव बारे जागरुक कर रही हैं। इसी कड़ी में स्पेशल टीम ने सांपला के अंतर्गत में आने वाले गांव दतौड़, गिझी व अटायल में दौरा कर गांव के संरपंच व मौजिज व्यक्तियों के साथ बैठक की। इस दौरान आमजन व बच्चों से मिलकर नशे से बचनें के लिए जागरुक किया गया। इसके अलावा सांपला शहर में स्थित लाइब्रेरी, संस्थान में पढ़ने वाले छात्रों को नशे से होने वाली हानि के बारे में जानकारी दी। एएसआई मोहन ने बताया कि हमें किसी भी प्रकार का नशा नहीं करना चाहिए। नशा हमारे जीवन को धीरे-धीरे अंधकार की ओर ले जाता है। जो लोग नशे के आदि हो जाते हैं तब उन्हें नशे के दुष्परिणाम बारे पता चलता है तब तक उनके घातक परिणाम सामने आने लगते हैं।






### अधिकारी समाधान शिविर की लंबे समय से लंबित शिकायतों का करें तुरंत निपटारा : अतिरिक्त उपायुक्त

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने समाधान शिविर की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ज्यादा लंबे समय से लंबित शिकायतों का तुरंत निपटारा सुनिश्चित करें। अधिकारी समाधान शिविर की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं। नरेंद्र कुमार स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल के साथ समाधान शिविर की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ द्वारा सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को समाधान शिविरों की शिकायतों के निपटारे की समीक्षा की जा रही है। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि जिला में समाधान शिविर की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला में समाधान शिविरों के दौरान भी शिकायतों के निपटारे की निरंतर समीक्षा की जा रही है। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला में जल जनित बीमारियों से बचाव के सभी आवश्यक प्रबंध करें तथा नागरिकों को इस बारे जागरूक करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा घर-घर लार्वा चैकिंग अभियान के दौरान कूलर इत्यादि में लार्वा मिलने पर चालान किए जाए। उन्होंने नागरिकों का आह्वान किया कि वे अपने आसपास पानी खड़ा न होने दें। डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, आम तौर पर मच्छरों के काटने से फैलता है। यह मच्छर ठहरे हुए पानी पर अंडे देता है। सप्ताह में एक दिन ड्राई-डे मनाए। अपने कूलर, फ्रिज की ट्रे इत्यादि को सप्ताह में एक दिन साफ करें। गड्ढों इत्यादि में ठहरे हुए पानी पर मिट्टी का तेल या लार्वा नाशक दवा डाले।

## ड्रेन नंबर आठ पर सुंदरपुर गांव में सिंचाई विभाग 31 जुलाई तक चालू करेगा पंप हाउस

# ड्रेन कैचमेंट एरिया में अब फसलें बरसाती पानी से नहीं होंगी तबाह

- 31 जुलाई तक सुंदरपुर गांव में जहां जसिया ड्रेन, ड्रेन नंबर आठ में मिलती है, वहां पर 250 क्यूसिक का पानी लिफ्टिंग का पंप हाउस चालू करवा दिया जाएगा

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

20-25 साल से ड्रेन नंबर 8 के ओवरफ्लो होने पर घिलौड़ कलां-घिलौड़ खुर्द, काहनी, जसिया, सांघी, छिछड़ाना,रूखी, मकड़ौली कलां, मकड़ौली खुर्द-मकड़ौली कलां, बसंतपुर समेत आसपास के दूसरे गांवों में मानसून में फसलें तबाह हो रही हैं। वजह है ड्रेन आठ के ओवरफ्लो होने पर जसिया ड्रेन का पानी खेतों में बैक मार देता है। लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। ये दावा सिंचाई विभाग का है। महकमे का कहना है कि आगामी 31 जुलाई तक सुंदरपुर गांव में ,जहां जसिया ड्रेन ड्रेन नंबर आठ में मिलती है, वहां पर 250 क्यूसिक का पानी लिफ्टिंग का पंप हाउस चालू करवा दिया जाएगा। जब तक ड्रेन आठ ओवरफ्लो नहीं होगी, तब तक जसिया ड्रेन का बरसाती पानी ग्रेविटी से ड्रेन नंबर आठ में चलता रहेगा। जब ड्रेन ओवरफ्लो होगी तो जसिया ड्रेन के गेट बंद करके पानी पम्पिंग कर दिया जाएगा।



रोहतक। फाइल फोटो

### कई ड्रेन अटैच हैं ड्रेन से

250 क्यूसिक पानी क्षमता की जसिया लिंक ड्रेन से रोहतक और सोनीपत जिले के खेतों से पानी की निकासी करने करने वाली कई छोटी-छोटी ड्रेन अटैच हैं। यानी के जसिया ड्रेन में कई ड्रेन को पानी आकर मिलता है। बताया जा रहा है कि जब 40-45 साल पहले जब जसिया ड्रेन का निर्माण करवाया गया था, उस समय बरसाती पानी की निकासी ड्रेन नंबर आठ में ग्रेविटी के हिसाब से होती है। जिससे फसलें डूबने से बची रहती। लेकिन इसके बाद जिले में खेती का कल्चर बदला। किसानों ने ज्वार-बाजरा, ग्वार की बजाय धान की खेती करनी शुरू की तो धीरे-धीरे जमीनी पानी का स्तर भी बढ़ने लगा।

### खरैंटी में 60 क्यूसिक का

अब हालात ये हैं कि अगर जिले में एक भी भारी बरसात हो जाए तो बाढ़ के हालात पैदा हो जाते हैं। इसी वजह से सिंचाई विभाग ने ग्रेविटी की बजाय पानी को लिफ्ट करने के प्रोजेक्ट पर काम करना पड़ रहा है। लाखनमाजरा लिंक ड्रेन पर गांव खरैंटी के खेतों के पानी की निकासी के लिए बीएसबी नहर पर 60 क्यूसिक का पंप हाउस स्थापित किया है। इस पंप हाउस की ट्रायल पिछले दिनों ली जा चुकी है। उम्मीद है कि अब गांव खरैंटी की खरीफ फसल बरसाती पानी की वजह से खराब नहीं होगी।


### किसान काफी साल से परेशान थे

पानी की समुचित निकासी न होने की वजह से किसान काफी साल से परेशान थे। क्योंकि हर वर्ष फसलें खराब हो रही थी। अपनी समस्या से किसानों ने सिंचाई विभाग के आला अधिकारियों को अवगत करवाया। इसके बाद सुंदरपुर गांव में ड्रेन नंबर आठ पर जसिया ड्रेन के पानी को पंम्पिंग करने के लिए साढ़े चार- पांच करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट तैयार करके सरकार को भेजा। वर्ष 2023-24 की फ्लड मीटिंग एजेंडे में इसे स्वीकृत करके सिंचाई विभाग के अधिकारियों को इस पर काम करने के निर्देश जारी किए। इस प्रोजेक्ट का कितना काम अभी तक पूरा हुआ है,इसको लेकर पिछले दिनों डीसी ने भी साइट का निरीक्षण किया था। ताकि सरकार द्वारा निर्धारित समय 31 जुलाई तक ये प्रोजेक्ट काम करना शुरू करे।

### जेठपुर की तर्ज पर बनाया

जिस प्रकार का प्रोजेक्ट सुदंरपुर गांव में बरसाती पानी की निकासी के लिए जसिया ड्रेन के लिए बनाया जा रहा है, ठीक प्रकार प्रोजेक्ट तीन-चार साल पहले गांव जेठपुर में महम लिंक ड्रेन के लिए आठ नंबर ड्रेन नंबर 8 पर बनाया गया था। वह प्रोजेक्ट सफल हुआ और महम लिंक ड्रेन के पानी की निकासी हुई। सिंचाई विभाग को अब जसिया ड्रेन प्रोजेक्ट से उम्मीद हैं।

### प्रक्रिया अंतिम चरण में



ड्रेन आठ ओवरफ्लो होने पर जसिया लिंक ड्रेन का पानी लिफ्ट करने के लिए 250 क्यूसिक का पंप हाउस 31 जुलाई तक काम करने लग जाएगा। मशीनरी खरीद की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

**राजेश भारद्वाज, कार्यकारी अभियंता**

कई राज्यों के लोगों ने सिंधु भवन पहुंच कर दी माताजी को दी श्रद्धांजलि

# माता परमेश्वरी देवी जी के निधन से समाज को बहुत बड़ी क्षति हुई, जनकल्याण में समर्पित था पूरा जीवन



रोहतक। सिंधु भवन में शोक जताने पहुंचे डीजीपी शत्रुजीत कपूर व अन्य। फोटो : हरिभूमि



रोहतक। सिंधु भवन में शोक जताने पहुंचे अलग-अलग जिलों के गणमान्य लोग। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की माता परमेश्वरी देवी के निधन से परिवार और समाज को बहुत बड़ी क्षति हुई है। माता जी ने अपना पूरा जीवन जन कल्याण में लगाया। उनके दिए संस्कार की वजह से सिंधु परिवार हर क्षेत्र में उन्नति कर रहा है। शुक्रवार को सिंधु भवन में प्रदेश भर से आए गणमान्य लोगों ने माताजी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए यह उदगार व्यक्त किए।

माता जी के निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में चेयरमैन शुगर फेड़रेशन धर्मबीर डागर, सांसद सोनीपत सतपाल ब्रहमचारी, पूर्व विधायक महम बाली पहलवान, भाजपा नेता विशाल सेठ, रमेश मलिक हसनगढ़, सिरसा भाजपा नेता रोहताश जांगड़ा, गुरुग्राम से नवीन गोयल, वैश्य शिक्षण संस्थान के उप प्रधान दीपक जिंदल, भाजपा नेता भाग सिंह दमदमा, डॉ. विनय, डॉ. पुरषोतम, डॉ. पीके शर्मा, सेवानिवृत एसपी द्रोणाचार्य अवार्डी अनूप दहिया, पूर्व उत्तर क्षेत्र प्रचारक रामेश्वरदास, पूर्व उत्तर क्षेत्र प्रचारक आरएसएस बनबीर, प्रांत प्रचारक सुरेंद्र पाल, आरएसएस से रविंद्र सक्सेना, महामंडलेश्वर विद्या रूवरूप, प्रचारक हिंदु धर्म गुरुग्राम आचार्या अरुण कृष्ण, सैनी सभा प्रधान अवनीश सैनी, चहल खाप प्रधान बलबीर चहल, खाप प्रधान पालम सुरेंद्र सौलंकी, किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी, राष्ट्रीय कवि संगम के अध्यक्ष जगदीश मित्तल, कर्नल ओपी सिंधु, कर्नल रोहित चौधरी आदि माता जी के निधन पर शोक जताने के लिए पहुंचे।

## विधायक प्रमोद विज



विधायक प्रमोद विज ने सिंधु भवन में पहुंच कर परिवार से मुलाकात की। उन्होंने माताजी के निधन पर शोक जताया। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि माता जी को अपने श्री चरणों में स्थान दें और परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने कहा माताजी ने बहुत ही सादगी से जीवन बिताया और अपने बच्चों को बहुत ही अच्छे संस्कार दिए।

## पूर्व मंत्री कर्णदेव कम्बोज



पूर्व मंत्री कर्णदेव कम्बोज ने भी सिंधु भवन पहुंच कर माताजी के निधन पर शोक जताया। उन्होंने कहा मां के चले जाने से संसार ही सूना हो जाता है। माताजी ने सदैव समाज के हित के लिए कार्य किए और परिवार को अच्छे संस्कार दिए। वे ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि माता जी को श्री चरणों में स्थान दें और परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करे।

## आचार्य अरुण कृष्ण



आचार्या अरुण कृष्ण ने भी माताजी के निधन पर शोक जताते हुए श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा माता का संसार से चले जाना बहुत ही दुखद होता है। माताजी ने पूरी उम्र परिवार को एकजुट रख कर सम्भाले रखा। उनकी कमी हमेशा खलती रहेगी।

## आरएसएस नेता बनबीर



आरएसएस नेता बनवीर सिंह ने भी माता जी के निधन पर सिंधु निवास पहुंच कर शोक जताया। उन्होंने कहा माताजी के दिए संस्कार हमेशा परिवार को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। माता जी के निधन से परिवार और समाज को बहुत बड़ी हानि हुई है। जिसकी कभी भरपाई नहीं की जा सकती।

## शोक व्यक्त करने पहुंची हस्तियां



सतपाल ब्रहमचारी, सांसद सोनीपत



जय प्रकाश, कांग्रेस सांसद



एडीजीपी वाई पूर्ण कुमार



अमित सिहाग



अनूप दहिया

विरेंद्र बडखालसा



आचार्य महामंडलेश्वर विद्यास्वरूप



प्रांत प्रचारक सुरेंद्रपाल



सुखविंद्र माड़ी



तेजिंद्र सिंह



कर्नल रोहित चौधरी



अरविंद खन्ना, बीजेपी नेता



अविनाश, सैनी सभा प्रधान



बलबीर, चहल खाप प्रधान



बाली पहलवान, पूर्व विधायक महम



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# द आर्यन ग्लोबल विद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला

**रोहतक।** द आर्यन ग्लोबल विद्यालय में 27 जून को 'जीवन कौशल' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उददेश्य शिक्षकों को जीवन कौशल के बारे में जागरूक करना और उनकी बारीकियों, पाठ्यक्रम में अमल करने और छात्रों का दिशानिर्देश करना रहा।

सत्र की शुरुआत दीप प्रज्वल्लन के साथ-साथ संसाधन व्यक्ति मिताली के परिचय के साथ हुई। मिताली ने शिक्षा में इस नवीन-नीति में जीवन कौशल को पाठ्यक्रम के अंग के रूप में शामिल करने की अनुशंसा की। उन्होंने बताया कि भावी पीढ़ियों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करने के लिए शिक्षा को महज शैक्षणिक परिणामों तक सीमित न रखकर हमें इससे आगे बढ़ने की आवश्यकता है।



इस कार्यशाला में विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या निशु रानी व मैनेजमेंट सदस्य संतोष खन्ना भी उपस्थित रही। उप-प्रधानाचार्या ने यह भी कहा कि आगे भी शिक्षकों के बेहतरीन विकास के लिए ऐसी वर्कशॉप का आयोजन कराते रहेंगे, जिससे शिक्षकों और बच्चों दोनों को ही नए कौशल सिखने का मौका मिलता रहेगा।

## राजेश जैन के जन्मदिन पर आयोजित होगा एमटीएफसी संस्था में सामूहिक सम्मान समारोह



**रोहतक।** कन्हेली रोड स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर कम्युनिटी सेंटर में राजेश जैन के जन्मदिन के अवसर पर एमटीएफसी एजुकेशनल सोसायटी की तरफ से सामूहिक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। संस्था प्रधान नरेश ढ़ल ने बताया कि कार्यक्रम 28 जून को सायं 5 बजे आरंभ होगा। जिसमें रोहतक जिले की विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, आध्यात्मिक संस्थाओं, स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों, क्लबों, चैरिटेबल ट्रस्ट एवं ब्रह्माकुमारीज सेंटर से उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा राजेश जैन को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह सिर्फसम्मान कार्यक्रम नहीं है बल्कि उस व्यक्ति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने काएक सुअवसर भी है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। कार्यक्रम में सभी के लिए भोजन की उचित व्यवस्था रहेगी। बच्चों द्वारा राजेश जैन के जन्मदिन के अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी।

**निरीक्षण** टीम ने एनआईसीयू वार्ड में बच्चों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया

# हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने सामान्य अस्पताल का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम मांगे राम व मीना कुमारी ने सामान्य अस्पताल का दौरा किया। आयोग के सदस्यों ने एनआईसीयू वार्ड का दौरा किया और बच्चों के इलाज के दौरान दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। बच्चों के वार्ड में दी जा सभी सुविधाएं बेहतर मिली।

आयोग की टीम ने इस सम्बन्ध में प्रधान चिकित्सा अधिकारी से भी बात की तथा स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने को कहा गया। प्रधान चिकित्सा अधिकारी ने बच्चों सहित सभी नागरिकों को सामान्य अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने का आश्वासन दिया। प्रधान चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि एनआईसीयू में शिशुओं की देखभाल के लिए आधुनिक उपकरण और अनुभवी चिकित्सक मौजूद हैं। एनआईसीयू में समय से पहले जन्मे शिशुओं, बीमार शिशुओं और अन्य विशेष जरूरतों वाले शिशुओं की देखभाल की जाती है।





उन्होंने हमारा लक्ष्य नवजात शिशुओं को सर्वोत्तम संभव देखभाल प्रदान करना है ताकि वे स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी सकें। अस्पताल प्रशासन नवजात शिशुओं को हर संभव देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान जिला बाल संरक्षण इकाई की ओर से जिला बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप सिंह, संरक्षण अधिकारी पूनम, बाल कल्याण समिति की अध्यक्षा आशा रानी व अस्पताल के डॉक्टर व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।